

नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 22 मई 2026

# 3.5 करोड़ रुपये की जमीन को प्रशासन ने मुक्त कराया

▸ भीलपुरा में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त



**नर्मदापुरम, 21 मई. जिले के भीलपुरा क्षेत्र में राजस्व विभाग ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3.5 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी जमीन को मुक्त कराया. यह कार्रवाई शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को की गई.**

प्रशासनिक जांच में पाया गया कि नजूल शीट क्रमांक-09 के प्लॉट नंबर-1 की करीब 59,493 वर्गफुट शासकीय भूमि में से लगभग 30 हजार वर्गफुट पर अवैध कब्जा कर ईंट भट्टा संचालित किया जा रहा था. आरोप है कि वार्ड क्रमांक-26 रेवागंज निवासी सचिन रैकवार द्वारा इस भूमि पर अतिक्रमण किया गया था. कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार नर्मदापुरम नगर, नायब तहसीलदार नजूल, राजस्व निरीक्षक और प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा. राजस्व विभाग की टीम ने मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाकर भूमि को शासकीय कब्जे में लिया. प्रशासन ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में शासकीय भूमि की सुरक्षा के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और भविष्य में भी अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# अंश और महक का हॉकी अंडर-18 टीम में चयन



**नर्मदापुरम, 21 मई. जिलें के हॉकी टर्फ मैदान में प्रशिक्षण लेने वाले दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों अंश बहुत्रा और महक परिहार का भारतीय हॉकी अंडर-18 टीम में चयन हुआ है. दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है.**

जानकारी देते हुए रोहित फौजदार ने बताया कि अंश बहुत्रा हॉकी फीडर सेंटर और महक परिहार खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, नर्मदापुरम की खिलाड़ी रही हैं. दोनों को प्रारंभिक प्रशिक्षण जयसिंह भदौरिया और पवन कुमार द्वारा दिया गया.

पिछले दो वर्षों से दोनों खिलाड़ी मध्य प्रदेश राज्य खेल अकादमी भोपाल और ग्वालियर में प्रशिक्षण ले रहे हैं. अंश बहुत्रा को समीर दाद और लोकेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण मिल रहा है, जबकि महक परिहार ग्वालियर राज्य महिला खेल अकादमी में वंदना उइके से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं. दोनों खिलाड़ी 28 मई से 6 जून तक जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी.

# बानापुरा में शराब दुकान हटाने की मांग तेज

▸ तहसीलदार को कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन

▸ 15 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर पुतला दहन और धरना



**सिवानी मलावा , 21 मई. बानापुरा रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर बुधवार को लोगों का जनआक्रोश देखने को मिला. बड़ी संख्या में नागरिक तहसील कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम तहसीलदार नितिन झोड़ को ज्ञापन सौंपा.**

स्थानीय निवासी सूरज मिश्रा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि यदि 15 दिनों के भीतर शराब दुकान को वर्तमान स्थान से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया गया, तो संबंधित विभाग और अधिकारियों के खिलाफ पुतला दहन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा. नागरिकों ने इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की बताई है.

ज्ञापन में बताया गया कि रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग जैसे व्यस्त क्षेत्र में शराब दुकान संचालित होने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. दुकान के आसपास करीब 100 मीटर के दायरे में विद्यालय, मंदिर, खेल मैदान, सब्जी बाजार और रेलवे स्टेशन स्थित हैं, जहां प्रतिदिन महिलाओं, बच्चों और यात्रियों की आवाजाही रहती है.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब दुकान के कारण क्षेत्र में नशेड़ियों की भीड़ बढ़ रही है. आए दिन गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार और विवाद की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है. लोगों ने कहा कि इससे सामाजिक वातावरण और सार्वजनिक शांति प्रभावित हो रही है. नागरिकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर शराब दुकान को हटाने की मांग की है. इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और युवा मौजूद रहे.

## एक नजर में



### नपा अध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण का निरीक्षण

**इटारसी,21 मई.** जिलें में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 19 में निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया. यह सड़क मांगीलाल के मकान से पवन के मकान तक करीब 100 मीटर लंबाई में बनाई जा रही है. निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने ठेकेदार को सड़क निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सड़क की नियमित तराई की जाए और निर्माण स्थल पर रखे बोरों को लगातार गीला रखा जाए, ताकि सड़क मजबूत और टिकाऊ बन सके. उन्होंने निर्माणाधीन मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सड़क के दोनों ओर बैरिकेड्स लगाने के निर्देश भी दिए. नपाध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि सड़क की मजबूती और गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए अगले 10 से 12 दिनों तक इस मार्ग पर आवागमन न करें, ताकि निर्माण कार्य बेहतर तरीके से पूरा हो सके. निरीक्षण के दौरान पार्षद राहुल प्रधान, किशन मालवीय, गोपाल शर्मा, ठेकेदार नीरज बड़कुर सहित अन्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.



### जिलवानी ट्रेंचिंग ग्राउंड मामले की जांच हुई तेज

**इटारसी, 21 मई.** जिलें में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत जिलवानी ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 'लिगेसी वेस्ट' निपटान में कथित 1.72 करोड़ रुपये के घोटाले और गोवंश की मौत के मामले ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है. शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय जांच दल ने ग्राम जिलवानी स्थित डंपिंग स्थल का निरीक्षण किया. जांच दल के प्रमुख देवेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायत में शामिल सभी बिंदुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और तकनीकी जानकारी एकत्र कर रिपोर्ट जल्द कलेक्टर को सौंपी जाएगी. इस दौरान शिकायतकर्ता अमोल उपाध्याय ने आरोप लगाया कि नगर पालिका अधिकारी जांच को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) से स्वतंत्र जांच दल गठित करने की मांग की. ग्रामीणों ने जांच टीम को बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में रात के समय कचरे में आग लगाई जाती है, जिससे जहरीला धुआं फैलता है और लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है. ग्रामीणों का आरोप है कि डंपिंग साइट से निकलने वाला जहरीला पानी जमीन में रिसकर भूजल को प्रदूषित कर रहा है. साथ ही जहरीला कचरा खाने से मवेशियों और गोवंश की मौत होने की शिकायत भी सामने आई है. कांग्रेस ने नगर पालिका परिषद और एसआर मैप टेक्नोलॉजीज पर नियमों के विरुद्ध बिना ट्रोमेल मशीन और वेट ब्रिज के कचरा निपटान दिखाकर भुगतान करने का आरोप लगाया है. मामले को लेकर शहर में राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है.

# कलेक्टर ने समस्याओं का किया समाधान



**नर्मदापुरम, 21 मई. नगर पालिका में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया. सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली जनसुनवाई में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.**

जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम जोड़ने, आवास की किश्त जारी करने, समग्र आईडी सुधार, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नाली निर्माण और अतिक्रमण हटाने जैसी शिकायतें सामने आईं. अधिकांश मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि जांच योग्य आवेदनों को संबंधित शाखाओं को भेजा गया.

इस दौरान जन्म-मृत्यु शाखा के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने पर सीएमओ ने सख्त कार्रवाई करते हुए पूजा दोहरे, ललित दोहरे और धर्मेंद्र टांक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. वहीं आउटसोर्स कर्मचारी नीलम कहार की सेवाएं समाप्त कर दी गईं.

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ के मार्गदर्शन में शुरू की गई जनसुनवाई से लोगों को तत्काल राहत मिल रही है. वार्ड 31 के पार्षद नरेंद्र पटले ने पेयजल पाइपलाइन समस्या के समाधान पर आभार जताया. वहीं वार्ड 25 के पार्षद दुर्गेश चौधरी ने पिंक एवेन्यू कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट लगने पर संतोष व्यक्त किया.

# इटारसी पुलिस ने लौटाए सात लाख के जेवर



**इटारसी, 21 मई. पुलिस ने तत्परता और ईमानदारी का परिचय देते हुए एक व्यक्ति का गुम हुआ बैग कुछ ही घंटों में खोजकर उसे सुरक्षित लौटा दिया. बैग में करीब 7 लाख रुपये कीमत के सोने और चांदी के आभूषण रखे थे.**

जानकारी के अनुसार बिहार के गोपालगंज जिले के निवासी अरुण यादव का जेवरों से भरा बैग इटारसी में गुम हो गया था. बताया गया कि नशे की हालत में उनका बैग एक दुकान पर ही छूट गया. बैग गायब होने का पता चलते ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी.

मामले की गंभीरता को देखते हुए इटारसी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की. आरक्षक शाकिर खान और विपिन शुक्ला को संभावित स्थान पर भेजा गया. पुलिस टीम ने दुकान की जांच की, जहां बैग सुरक्षित रखा मिला. तलाशी के दौरान बैग में करीब 6 लाख रुपये कीमत की सोने की चार बालियां और लगभग 1 लाख रुपये के चांदी के आभूषण सुरक्षित पाए गए. पुलिस ने पूरा सामान फरियादी को सुपुर्द कर दिया. अपनी जीवनभर की जमा पूंजी वापस मिलने पर अरुण यादव ने राहत जताई और इटारसी पुलिस की त्वरित एवं ईमानदार कार्यप्रणाली की सराहना की.

## सोहागपुर में अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

**नर्मदापुरम, 21 मई.** जिले के सोहागपुर क्षेत्र में मदिरा दुकानों के आसपास संचालित अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर राजस्व, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षण अभियान चलाया. कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रियंका भलावी और पुलिस अधिकारियों ने सोहागपुर-1 मदिरा दुकान, ग्राम बोदी की मदिरा दुकान, अविनाश ढाबा और मढ़ई ढाबा का निरीक्षण किया. जांच के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाए गए लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए. प्रशासन ने संबंधित मदिरा दुकानों के संचालकों और अभिकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए कि दुकान परिसर या आसपास किसी भी प्रकार से मदिरापान नहीं कराया जाए और सभी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए. ? निरीक्षण के दौरान मढ़ई ढाबा में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग भी पाया गया. नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन ने दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर कार्रवाई की.

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

▸ 129 लीटर शराब जब्त मामले एक गिरफ्तार और दूसरा आरोपी फरार

**नर्मदापुरम, 21 मई.** जिलें में थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 129 लीटर शराब जब्त की है. बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 51 हजार रुपये बताई गई है. मामले में दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं. एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि दूसरे मामले में फरार आरोपी की तलाश जारी है.

पहली कार्रवाई बजरंग चौक क्षेत्र में की गई. पुलिस ने ग्वालटोली कचरापट्टी स्थित एक किराए के मकान पर दबिश देकर वहां से 450 क्वार्टर देशी प्लेन शराब बरामद की. कुल 81 लीटर शराब की कीमत लगभग 35 हजार रुपये आंकी गई है. मामले में आरोपी सागर कुचबंदिया को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया. आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया.

दूसरी कार्रवाई में पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध शराब बेचने के लिए नर्मदापुरम ला रहे हैं.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदा

फोन नं. 07577-222238
ई-मेल- cmoharda@mpurban.gov.in

क्र./वाहन शाखा/26/2827 — हरदा, दिनांक 20.5.2026

### ई-निविदा आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हरदा जिला-हरदा वित्त वर्ष 2026-27 हेतु निकाय के ट्रैक्टरों एवं टाटा मैजिक वाहनों में समय-समय पर लगने वाली सामग्री की दर बुलाये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई है. इस हेतु निविदा क्रमांक 2026_UAD_496078_2 दिनाक 19/05/2026 को जारी की गई है. ऑनलाइन टेण्डर क्रय दिनांक 20/05/2026 से दिनांक 03/06/2026 समय सायं 05.30 बजे तक एवं बिड प्रस्तुत करने की अतिम तिथि 03/06/2026 समय सायं 05.30 बजे तक है. विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा
## जिला हरदा (म.प्र.)

क्रमांक 2838/ जल प्रदाय शाखा/2026 — हरदा दिनांक 21-5-26

### ई- निविदा सूचना

Tender Notice no. 2026_UAD_487483_3 Date 21.05.2026 **कार्य का नाम:** निकाय क्षेत्रांतर्गत नगर पालिका हरदा को हरदा/हंडिया जल संयंत्र हेतु मोटर पम्प, सबमर्सिवल पम्प, स्टार्टर, केबल एवं अन्य विद्युत सामग्री क्रय करने हेतु अनुमानित लागत रु. 30,00,000/-, अमानत राशि रु. 22,500/-, ई-निविदा क्रय दिनांक 22.05.2026 से 5.6.2026 तक क्रय की जा सकती है. निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता : www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

## कार्यालय, नगरपालिका परिषद इटारसी

क्रं./लोक कर्म शाखा/2026/359 — इटारसी दि. 19.05.2026

### ई निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | टेण्डर पोर्टल क्रं | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_508368_1 | नगरपालिका के विभिन्न विकास कार्यों के लिये एक योग्य कंसलटेंट नियुक्त करने बाबत. | 10,000/- 50,000/- | 20.06.2026 17.30 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद इटारसी

## कार्यालय, नगरपालिका परिषद इटारसी

क्रं./लोक कर्म शाखा/2026/378 — इटारसी दि. 21.05.2026

### ई निविदा संशोधन सूचना

इस निकाय द्वारा जारी ई निविदा क्रमांक 2026_UAD_502257 जिसकी फायनेंशियल बिड की BOQ में सरल कमांक 1.001 Tyre Purchase Items के क्रमांक 1.05 में अंकित 12628* के स्थान पर 12428* पढ़ा जावे तथा सरल क्रमांक 4 पर अंकित 155-D13 के स्थान पर 165D13 पढा जावे। साथ ही टेंडर फार्म लेने एवं जमा करने की दिनांक 25.05.2026 तक तथा टेंडर खोलने की दिनांक 27.05.2026 तक के लिये बढायी जाती है।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद इटारसी


**कार्यक्रम** ▸ कांग्रेस सेवादल ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

# कांग्रेसियों ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**इटारसी, 21 मई. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सेवादल द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. पहली लाइन स्थित कांग्रेस चुनाव कार्यालय में हुए कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी.**

कार्यक्रम का आयोजन सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई के निर्देश पर किया गया. मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव और यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के मार्गदर्शन में नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दिलीप गोस्वामी ने कार्यक्रम का संचालन किया.

सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर राजीव गांधी को नमन किया और 'राजीव गांधी अमर रहें' के नारे लगाए. वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, तकनीकी विकास, युवा नेतृत्व और आधुनिक भारत निर्माण में योगदान को याद किया.

वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष गुरयानी ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक सोच और तकनीकी दिशा दी. वहीं अमित गुप्ता ने कहा कि उनका जीवन देश की एकता और विकास के लिए समर्पित रहा. कार्यक्रम में नेहा चावरे, मयूर जायसवाल, विजय बाबू चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# स्टैंडिंग कमेटी बैठक में निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

**सिवनी मालवा, 21 मई.नगर पालिका एवं पंचायत निर्वाचन को लेकर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई. सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय ने की.**

बैठक में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों और प्रक्रिया की जानकारी दी गई. अधिकारियों ने बताया कि 15 मई से मतदान केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं, जो 25 मई 2026 तक जारी रहेंगी. प्रतिदिन दोपहर 3 बजे तक प्राधिकृत अधिकारी संबंधित मतदान केंद्रों पर आवेदन स्वीकार करेंगे.

स्थानीय निर्वाचन मास्टर ट्रेनर प्रकाश व्यास एवं निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी.

बैठक में तहसीलदार नितिन कुमार झोड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह ऊईके सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे. भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की.